## UGC NET PAPER 2 JUNE 24, 2007 SHIFT 1 PSYCHOLOGY QUESTION PAPER

**J—0407**

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Serial No. of the booklet should be entered in the Answer-sheets and the Serial No. of Answer Sheet should be entered on this Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ⬤ (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the Answer Sheet given **inside the Paper I booklet only**. If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is NO negative marking.**

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या उत्तर-पत्रक पर अंकित करें और उत्तर-पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।

   **उदाहरण :** (A) (B) ⬤ (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये** उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं। यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते है, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

# PSYCHOLOGY

## PAPER – II

**Note :** This paper contains **fifty** (50) multiple-choice questions, each question carrying **two** (2) marks. Attempt **all** of them.

**1.** The somatosensory projection area is found in :

(A) Occipital lobe (B) Parietal lobe

(C) Frontal lobe (D) Temporal lobe

**2.** In random reinforcement schedule food will be given to rat after :

(A) Simultaneously completing 4 trials and 2 minutes

(B) Completing 4 trials and 2 minutes one after the other

(C) Once after completing 2 minutes and after 4 trials alternatively

(D) Randomly after completion of any of the two

**3.** **Assertion (A)** : Different emotions are associated with activity in different parts of the brain.

**Reason (R)** : Different emotions appear to be linked to specific genetic structures.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**4.** Match List-I with List-II :

| *List-I* (*Type of measurement*) | | *List-II* (*Technique used for item development*) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Attitude measurement | (i) | Criterion - referenced technique |
| (b) | Behavioural assessment | (ii) | Guttman scale |
| (c) | Ability testing | (iii) | Critical incident technique |
| (d) | Personality measurement | (iv) | Factor analysis |
| | | (v) | Content analysis |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

## मनोविज्ञान

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास** (50) बहु–विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**1.** कायिक सांवेदिक प्रक्षेपी क्षेत्र निम्नांकित में पाया जाता है :

(A) पश्चकपोल पालि (B) पार्श्विका पालि (C) अग्र पालि (D) शंख पालि

**2.** रैन्डम पुनर्बलन अनुसूची में चूहे को भोजन निम्नांकित के उपरान्त दिया जाएगा :

(A) 4 प्रयासों तथा 2 मिनटों की साथ–साथ पूर्ति होने पर

(B) 4 प्रयासों और 2 मिनटों की अवधि एक के बाद क्रमशः

(C) एक बार 2 मिनटों की अवधि पूरी होने के बाद तथा उसके बाद 4 प्रयास, वैकल्पिक क्रम में

(D) दोनों में से किसी एक की यादृच्छिक रूप से पूर्ति होने पर

**3.** **कथन (A)** : विभिन्न संवेग मस्तिष्क के विभिन्न भागों में होने वाली क्रिया से सम्बन्धित है।

**कारण (R)** : विभिन्न संवेग विभिन्न आनुवंशिक संरचनाओं से सम्बन्धित प्रतीत होते हैं।

***कोड*** :

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।

(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।

(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

**4.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये :

| ***सूची-I*** ***(मापन का प्रकार)*** | ***सूची-II*** ***(एकांश बनाने में प्रयुक्त तकनीक)*** |
|---|---|
| (a) अभिवृत्ति मापन | (i) निकषपरक तकनीक |
| (b) व्यवहार मापन | (ii) गटमैन मापनी |
| (c) योग्यता परीक्षण | (iii) क्रांतिक घटना तकनीक |
| (d) व्यक्तित्व मापन | (iv) कारक विश्लेषण |
| | (v) वस्तु विश्लेषण |

***कोड*** :

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (B) | (iv) | (v) | (ii) | (iii) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**5.** Obsession is to compulsion as :

(A) normal is to abnormal
(B) behaviour is to cognition
(C) thinking is to feeling
(D) thought to action

**6.** The amount of material retained in various methods from highest to lowest can be arranged in the following manner :

(A) recall, recognition, relearning
(B) recognition, relearning, recall
(C) relearning, recall, recognition
(D) recognition, recall, relearning

**7.** Dreams hide our desires through :

(A) identification, condensation, displacement
(B) identification, compensation, symbolism
(C) condensation, displacement, symbolism
(D) compensation, condensation, displacement

**8.** Information from the senses is carried in a given order. Arrange the following in that order :

(i) Straight into brain
(ii) Via medulla oblongata
(iii) Via spinal cord
(iv) Via thalamus

***Code*** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**9.** Arrange in order the following stages of GAS as given by Selye :

(i) Illness and death
(ii) Exhaustion
(iii) Alarm reaction
(iv) Resistance

***Code*** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

**10.** Arrange the following tests with respect to their ability to elicit projective responses from low to high :

(i) Sentence Completion Test
(ii) Rorschach Inkblot Test
(iii) Rosenweig Picture Frustration Study
(iv) Thematic Apperception Test

***Code*** :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (C) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (D) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |

5. मनोग्रस्तता बाध्यता से वैसे ही जुड़ा है जैसे :

(A) सामान्य असामान्य से
(B) व्यवहार संज्ञान से
(C) चिन्तन भावना से
(D) विचार कार्य से

6. विभिन्न विधियों द्वारा याद की गयी सामग्री की मात्रा को निम्न ढंग से अधिकतम से न्यूनतम के क्रम में रखा जा सकता है :

(A) प्रत्यावाहन, प्रत्यभिज्ञा, पुन:अधिगम
(B) प्रत्यभिज्ञा, पुन:अधिगम, प्रत्यावाहन
(C) पुन:अधिगम, प्रत्यावाहन, प्रत्यभिज्ञा
(D) प्रत्यभिज्ञा, प्रत्यावाहन, पुन:अधिगम

7. स्वप्न हमारी इच्छाओं को निम्नांकित द्वारा छिपाते हैं :

(A) तादात्मीकरण, संघनन, विस्थापन
(B) तादात्मीकरण, क्षतिपूर्ति, प्रतीकीकरण
(C) संघनन, विस्थापन, प्रतीकीकरण
(D) क्षतिपूर्ति, संघनन, विस्थापन

8. संग्राहकों से सूचना एक विशेष क्रम में आगे ले जायी जाती है। निम्नांकित को उसी क्रम में रखें :

(i) सीधे मस्तिष्क में
(ii) मेडुला ओबलांगाटा के माध्यम से
(iii) मेरू रज्जु द्वारा
(iv) थैलमस द्वारा

**कूट** :

(A) (i) (iv) (iii) (ii)
(B) (ii) (iii) (i) (iv)
(C) (iii) (ii) (iv) (i)
(D) (iv) (i) (ii) (iii)

9. GAS के निम्नांकित चरणों को सेली द्वारा प्रस्तावित क्रम में रखें :

(i) रुग्णता तथा मृत्यु
(ii) परिश्रांति
(iii) चेतावनी प्रतिक्रिया
(iv) प्रतिरोध

**कूट** :

(A) (iv) (iii) (i) (ii)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (iii) (iv) (ii) (i)
(D) (ii) (i) (iv) (iii)

10. निम्नांकित परीक्षणों की प्रक्षेपी अनुक्रिया उत्पन्न करने की क्षमता के आधार पर निम्न से उच्च के क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

(i) वाक्य पूर्ति परीक्षण
(ii) रोरशाख स्याही धब्बा परीक्षण
(iii) रोजेन्ज्वाइग चित्र कुंठा अध्ययन
(iv) थेमेटिक एपरसेप्शन परीक्षण

**कूट** :

(A) (ii) (iv) (iii) (i)
(B) (i) (iii) (iv) (ii)
(C) (iv) (ii) (i) (iii)
(D) (ii) (i) (iv) (iii)

**11.** **Assertion (A)** : Individuals with dissonance are typically hospitalized.

**Reason (R)** : People experience psychological discomfort when attitudes and behaviour are inconsistent

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**12.** Match List-I with List-II :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Oversimplified concepts | (i) | stereotype |
| (b) | Rule of thumb | (ii) | prototype |
| (c) | Mental grouping of a set of objects | (iii) | heuristics |
| (d) | An example that corresponds most closely to the notion of a concept | (iv) | concept |
| | | (v) | archetypes |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

**13.** Which one of the following is not a kind of Neuron ?

(A) Sensory neurons (B) Motor neurons

(C) Inter neurons (D) Associative neurons

**14.** A part of the brain involved in attention, sleep and arousal is :

(A) Reticular activating system (B) Thalamus

(C) Hypothalamus (D) Medulla oblongata

**15.** Which of the following are true in case of instrumental conditioning ?

(i) Response is prior to reward

(ii) No specific stimulus produces response

(iii) Formerly neutral stimulus decides response

(iv) Reward seeking behaviour is learned

***Code :***

(A) (i), (iii) and (iv) (B) (i), (ii) and (iv)

(C) (i), (ii) and (iii) (D) (ii), (iii) and (iv)

11. **कथन (A)** : विसन्नादिता से ग्रस्त व्यक्तियों को प्राय: अस्पताल में भर्ती करना पड़ता है।
**कारण (R)** : जब अभिवृत्ति और व्यवहार में विसंगति होती है तो लोग मनोवैज्ञानिक पीड़ा का अनुभव करते हैं।
***कूट :***
(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।
(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।
(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।
(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

12. सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | अतिसरलीकृत संप्रत्यय | (i) | रूढ़ियुक्ति |
| (b) | सरलता से प्रयुक्त नियम | (ii) | प्राक्प्रारूप (प्रोटोटाइप) |
| (c) | वस्तुओं के एक सेट का मानसिक समूहीकरण | (iii) | हियूरिस्टिक |
| (d) | एक उदाहरण जो एक संप्रत्यय की अवधारणा के सर्वथा निकट है | (iv) | संप्रत्यय |
| | | (v) | आर्किटाइप |

***कूट :***





| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |
| (C) | (ii) | (iii) | (v) | (i) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

13. निम्नांकित में से कौन तंत्रिका कोशिका का प्रकार नहीं है?
(A) सांवेदिक तंत्रिका कोशिका
(B) पेशीय तंत्रिका कोशिका
(C) अंतर तंत्रिका कोशिका
(D) साहचर्यात्मक तंत्रिका कोशिका

14. मस्तिष्क का एक भाग जो अवधान, निद्रा तथा उद्दीपन में संलग्न है :
(A) जालीय सक्रियता प्रणाली
(B) थैलमस
(C) हाइपोथैलमस
(D) मेडुला ओबलांगाटा

15. नैमित्तिक अनुबंधन के लिए निम्नांकित में क्या सही है?
(i) अनुक्रिया पुरस्कार के पहले होती है।
(ii) कोई खास उद्दीपक अनुक्रिया नहीं पैदा करता है।
(iii) पहले का एक तटस्थ उद्दीपक अनुक्रिया का निर्णय करती है।
(iv) पुरस्कार पाने का व्यवहार सीखा हुआ है।
***कूट*** :
(A) (i), (iii) और (iv)
(B) (i), (ii) और (iv)
(C) (i), (ii) और (iii)
(D) (ii), (iii) और (iv)

**16.** Match List-I with List-II :

| *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|
| (a) |  | (i) Variable ratio |
| (b) |  | (ii) Fixed ratio |
| (c) |  | (iii) Variable interval |
| (d) |  | (iv) Fixed interval |

*Code :*

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**17.** **Assertion (A) :** People's appraisals of situations lead to the subjective experience of emotions.

**Reason (R) :** People's appraisal of general physiological arousal associated with the emotions do not result in subjective experience.

*Code* :





(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**16.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| ***सूची-I*** | | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) |   | (i) | परिवर्तनीय अनुसूची |
| (b) |   | (ii) | स्थिर अनुसूची |
| (c) |   | (iii) | परिवर्तनीय अंतराल |
| (d) |   | (iv) | स्थिर अंतराल |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**17.** **कथन (A)** : लोगों द्वारा परिस्थितियों के मूल्यांकन से संवेगों का व्यक्तिगत अनुभव होता है।

**कारण (R)** : संवेगों के साथ जुड़ा सामान्य दैहिक उद्दीपन का लोगों द्वारा किया गया मूल्यांकन व्यक्तिगत अनुभव को जन्म नहीं देता है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।

(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।

(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

Prepp Your Personal Exam Guide

18. The basic traits that make up the human personality according to Cattell are known as :

(A) Cardinal Traits (B) Central Traits

(C) Source Traits (D) Surface Traits

19. If you have to develop a test for a new concept which is the best method of ensuring the validity of that test ?

(i) Content (ii) Empirical / Criterion-related

(iii) Convergent and discriminant (iv) Factorial

(A) (i) and (iii) (B) (i) and (ii) (C) (iii) and (iv) (D) (ii) and (iii)

20. Positively and negatively worded items are used in a test to avoid the following bias :

(A) Social desirability response set (B) Acquiescence response set

(C) Motivation distortion tendency (D) Over self-critical altitude

21. **Assertion (A)** : There is no relationship between language and thought.

**Reason (R)** : Thought is possible without language.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

22. External validity of research means that :

(A) Other researchers also agree with the results

(B) The participants agree with the results

(C) The results were obtained in several studies

(D) The results are true to situations outside the research setting

23. A set of ideas that fit together to provide a perspective on some aspect of the world is known as :

(A) Hypothesis (B) Theory (C) Law (D) Variable

**18.** कैटेल के अनुसार मानव व्यक्तित्व का निर्माण करने वाले आधारभूत शीलगुण हैं :

(A) प्रधान शीलगुण
(B) केन्द्रीय शीलगुण
(C) स्रोत शीलगुण
(D) सतही शीलगुण

**19.** यदि आपको एक नये संप्रत्यय के लिए एक परीक्षण का निर्माण करना है तो उसकी वैधता तय करने का सबसे अच्छा तरीका क्या होगा ?

(i) वस्तु
(ii) इन्द्रियानुभविक/निकष-सम्बन्धी
(iii) अभिचारी तथा विभेदक
(iv) कारकीय

(A) (i) तथा (iii)
(B) (i) तथा (ii)
(C) (iii) तथा (iv)
(D) (ii) तथा (iii)

**20.** एक परीक्षण में सकारात्मक तथा नकारात्मक ढंग से लिखित एकांशों का उपयोग निम्नलिखित पूर्वाग्रह से बचने के लिए किया जाता है :

(A) सामाजिक वांछनीयता अनुक्रिया विन्यास
(B) परिचय अनुक्रिया विन्यास
(C) अभिप्रेरणा विरूपण प्रवृत्ति
(D) अति आत्मालोची अभिवृत्ति

**21.** **कथन (A)** : भाषा और चिन्तन के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है।

**कारण (R)** : चिन्तन बिना भाषा के भी संभव है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।
(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।
(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।
(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

**22.** शोध की बाह्य वैधता का तात्पर्य है कि :

(A) अन्य शोधकर्ता भी परिणामों से सहमत हों
(B) शोध में भाग लेने वाले परिणामों से सहमत हों
(C) परिणाम कई अध्ययनों में पाये जाये
(D) परिणाम शोध-परिस्थिति से बाहर की दशाओं में सत्य पाये जाते हैं

**23.** हमारी दुनिया के किसी पक्ष पर एक दृष्टि उपलब्ध कराने के लिए विचारों का सेट जो एक दूसरे से सम्बद्ध हों, को कहते है :

(A) उपकल्पना
(B) सिद्धान्त
(C) नियम
(D) परिवर्त्य

**24.** **Assertion (A)** : In pattern recognition people take longer to differentiate between similar letters than dissimilar letters.

**Reason (R)** : Similar letters have many similar features.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**25.** Match the items of List-I with those of List-II :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Long term memory | (i) | Chunking |
| (b) | Sensory memory | (ii) | Entry of information from external world |
| (c) | Attention | (iii) | Information is stored after evaluation |
| (d) | Short-term memory | (iv) | Viewing people in a busy market |

***Code :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**26.** Psychologists use a wide variety of research methods. Which one is best ?

(A) Experimental study (B) Correlational study

(C) Case studies (D) There is no single best method

**27.** The main Neurotransmitters are :

(i) Acetylcholine

(ii) Dopamine

(iii) Mescaline

(iv) Noradrenaline

***Code :***

(A) (i), (ii), (iii) and (iv)

(B) (i) and (ii)

(C) (i), (ii) and (iii)

(D) (i), (ii) and (iv)

**24.** **कथन (A)** : संरूप प्रत्यभिज्ञा में लोग समान अक्षरों के मध्य भेद करने में असमान अक्षरों की अपेक्षा अधिक समय लेते हैं।

**कारण (R)** : समान अक्षरों में कई समान विशेषताएँ पायी जाती हैं।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।

(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।

(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

**25.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | दीर्घकालिक स्मृति | (i) | गुच्छन |
| (b) | सांवेदिक स्मृति | (ii) | बाह्य जगत से सूचना का प्रवेश |
| (c) | अवधान | (iii) | मूल्यांकन के बाद सूचना भंडारण |
| (d) | अल्पकालिक स्मृति | (iv) | बाजार में लोगों को देखना |

***कूट :***

| | ***(a)*** | ***(b)*** | ***(c)*** | ***(d)*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**26.** मनोवैज्ञानिक कई तरह की शोध विधियों का उपयोग करते हैं। कौन सी विधि सर्वश्रेष्ठ है?

(A) प्रायोगिक अध्ययन

(B) सहसम्बन्धात्मक अध्ययन

(C) वृत्त अध्ययन

(D) कोई अकेली श्रेष्ठ विधि नहीं है

**27.** मुख्य न्यूरो (तंत्रि) ट्रान्समिटर इस प्रकार है :

(i) एसिटलकोलीन

(ii) डोपामाइन

(iii) मेसकेलाइन

(iv) नोरएड्रानलीन

***कूट :***

(A) (i), (ii), (iii) और (iv)

(B) (i) और (ii)

(C) (i), (ii) और (iii)

(D) (i), (ii) और (iv)

28. Error variance can be minimized by :

(A) Matching participants

(B) Proper measurement of the dependent variable

(C) Holding independent variable constant

(D) Randomization

29. **Assertion (A)** : Other responses to frustration are possible besides aggression.

**Reason (R)** : Frustration is not the only cause of aggression.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

30. Match List-I with List-II to indicate which process is predominantly related to which task :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Multiple choice test | (i) | Reproduction |
| (b) | Listing the places related to Gandhi | (ii) | Reconstruction |
| (c) | Sharing the story of a cinema | (iii) | Recall |
| (d) | Essay type test | (iv) | Recognition |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

31. "Tall people tend to weigh more than short people". State what kind of correlation it is ?

(A) Negative (B) Positive (C) Zero (D) No correlation

32. Fleeting facial expressions that may reveal individuals true emotional reactions to events or situations, are known as :

(A) Facial expressions (B) Facial management technique

(C) Macro expressions (D) Micro expressions

28. त्रुटि-विसरण को निम्नांकित द्वारा न्यून किया जा सकता है :

(A) प्रतिभागियों का समेकन
(B) आश्रित परिवर्त्य का विधिवत् मापन
(C) अनाश्रित परिवर्त्य को स्थिर रखना
(D) यादृच्छिकीकरण

29. **कथन (A)** : आक्रामकता से भिन्न अन्य प्रतिक्रियाएँ भी कुंठा के प्रति होती हैं।

**कारण (R)** : कुंठा, आक्रामकता का एकमात्र कारण नहीं है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।
(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।
(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।
(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

30. यह बताने के लिए कौन सी प्रक्रिया किस कार्य के साथ प्रमुखता से जुड़ी है सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए।

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | बहुविकल्पी परीक्षण | (i) | पुनरुत्पादन |
| (b) | गांधी से जुड़े स्थानों का नाम लिखना | (ii) | पुनर्रचना |
| (c) | एक सिनेमा की कहानी सुनाना | (iii) | प्रत्यावादन |
| (d) | लेखात्मक परीक्षण | (iv) | प्रत्यभिज्ञा |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

31. ''लम्बे लोग नाटे लोगों की अपेक्षा अधिक भारी होते हैं।'' बताइए कि यह किस तरह का सहसम्बन्ध है?

(A) ऋणात्मक (B) धनात्मक (C) शून्य (D) कोई सहसम्बन्ध नहीं है

32. चेहरे की ऐसी बदलती भंगिमाएँ जो घटनाओं या परिस्थितियों के प्रति वास्तविक सांवेगिक प्रतिक्रियाओं को उद्घाटित करती हैं, को कहते हैं :

(A) चेहरे की अभिव्यक्तियाँ
(B) चेहरे की अभिव्यक्ति को व्यवस्थित करने की तकनीक
(C) बड़ी अभिव्यक्तियाँ
(D) सूक्ष्म अभिव्यक्तियाँ

**33.** Match List-I with List-II :

| | *List-I* | | *List-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | Cognitive development | (i) | Kohlberg |
| (b) | Psychological development | (ii) | Piaget |
| (c) | Contact comfort | (iii) | Erickson |
| (d) | Post conventional reasoning | (iv) | Harlow |
| | | (v) | Gilligan |

*Code :*

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (v) |

**34.** Which theory says that the greater the gap between what we expect and what actually does happen in a situation, the greater the resulting arousal ?

(A) Discrepancy-evaluation theory (B) Action and Reaction theory
(C) Opponent-process theory (D) Two-factor theory

**35.** A test item that is retained on the basis of its ability to make required distinctions is dependent on __________ approach to test construction. :

(A) Theoretical (B) Rational (C) Empirical (D) Qualitative

**36** A preconceived assumption that the problem will be solved by means of a particular method or set of procedures is called :

(A) Functional set (B) Rule set
(C) Operational set (D) Mental set

**37.** Human ear responds to frequencies between the range of :

(A) 20 to 20,000 Hz (B) 20 to 2000 Hz
(C) 20 to 200 Hz (D) 200 to 20,000 Hz

**38.** Which one of the following is generally not used in the assessment of intelligence ?

(A) Group Tests (B) Non-Verbal Tests
(C) Projective Tests (D) Individual Tests

**39.** Guilford has divided intelligence at second order level :

(A) Into two parts (B) Into 120 parts
(C) Into more than a dozen parts (D) Into seven parts

**33.** सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| | *सूची-I* | | *सूची-II* |
|---|---|---|---|
| (a) | संज्ञानात्मक विकास | (i) | कोहलबर्ग |
| (b) | मनोसामाजिक विकास | (ii) | पियाजे |
| (c) | संस्पर्श सुख | (iii) | इरिक्सन |
| (d) | उत्तर अभिसामयिक सोच | (iv) | हार्लो |
| | | (v) | गिलिगन |

*कूट :*

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (B) | (i) | (iii) | (v) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (v) |

**34.** कौन सा सिद्धान्त यह कहता है कि हमारी आशा और एक दी हुई परिस्थिति में वस्तुत: क्या होता है, इनके बीच अन्तर के साथ उससे उत्पन्न उद्दीपन की मात्रा बढ़ती है।

(A) विसंगति मूल्यांकन सिद्धान्त
(B) कार्य तथा प्रतिक्रिया सिद्धान्त
(C) विपरीत प्रक्रिया सिद्धान्त
(D) द्वि तत्व सिद्धान्त

**35.** एक परीक्षण एकांश जो अपेक्षित भेद करने की अपनी क्षमता के आधार पर स्वीकार कर लिए जाते हैं वह परीक्षण निर्माण के __________ उपागम पर निर्भर होता है।

(A) सैद्धान्तिक
(B) तार्किक
(C) इन्द्रियानुभविक
(D) गुणात्मक

**36.** एक पूर्वनिश्चित विचार कि समस्या एक विशेष विधि या निश्चित पद्धतियों से सुलझायी जा सकती है, को कहते हैं :

(A) प्रकार्यात्मक विन्यास
(B) नियम विन्यास
(C) संक्रियात्मक विन्यास
(D) मानसिक विन्यास

**37.** मनुष्य का कान निम्नांकित आवृत्ति विस्तार में संवेदनशील होते हैं :

(A) 20 से 20,000 हर्ट्ज
(B) 20 से 2000 हर्ट्ज
(C) 20 से 200 हर्ट्ज
(D) 200 से 20,000 हर्ट्ज

**38.** निम्नलिखित में से कौन सा बुद्धि मापन में सामान्यतया उपयोग में नहीं लाया जाता?

(A) समूह परीक्षण
(B) अवाचिका परीक्षण
(C) प्रक्षेपण परीक्षण
(D) व्यक्तिगत परीक्षण

**39.** गिल्फर्ड ने सैंकिड आर्डर स्तर पर बुद्धि को कितने कारकों में बाँटा है?

(A) दो में
(B) 120 में
(C) एक दर्जन से भी अधिक में
(D) सात भागों में

**40.** **Assertion (A) :** Basic research has no human relevance.

**Reason (R) :** Applied research has impacts on problems in the real life.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**41.** **Assertion (A) :** During the incubation stage of problem solving the individual withdraws from the task for a period, and is then able to find the solution.

**Reason (R) :** During this period the individual intensively discusses the problem with his friends.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**42.** There are five subtests in performance battery of WAIS. Identify the correct order in which they are administered :

(A) Digit Symbol (DS), Picture Completion (PC), Block Design (BD), Object Assembly (OS), Picture Arrangement (PA).

(B) PC, BD, OS, PA, DS

(C) DS, PC, BD, PA, OS

(D) OS, PC, PA, BD, DS

**43.** Match List-I with List-II :

| | ***List-I*** | | ***List-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | Non Parametric ANOVA | (i) | Tuckey's Test |
| (b) | Factorial Design | (ii) | t - Test |
| (c) | Standard Error of mean difference | (iii) | Interaction effect |
| (d) | Nominal Variables | (iv) | Friedman Test |
| | | (v) | $\chi^2$ |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**40.** **कथन (A)** : मौलिक शोध की कोई मानवीय प्रासंगिकता नहीं है।

**कारण (R)** : अनुप्रयोगात्मक शोध का वास्तविक जीवन की समस्याओं पर प्रभाव पड़ता है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।

(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।

(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

**41.** **कथन (A)** : समस्या समाधान के उद्‌भवन काल में व्यक्ति कार्य से कुछ समय के लिए हट जाता है और तब समस्या का हल प्राप्त करने में सफल हो जाता है।

**कारण (R)** : इस अवधि में व्यक्ति अपने मित्रों के साथ समस्या के बारे में गंभीरतापूर्वक विमर्श करता है।

***कूट :***

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।

(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।

(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

**42.** WAIS के निष्पादन परीक्षण बैटरी में पाँच उपपरीक्षण हैं। उनको प्रशासित करने का सही क्रम पहचानिये।

(A) डिजिट सिम्बल (DS), पिक्चर कम्प्लीशन (PC), ब्लाक डिजाइन (BD), आब्जेक्ट असेम्बली (OS), पिक्चर अरैंजमेंट (PA)

(B) PC, BD, OS, PA, DS

(C) DS, PC, BD, PA, OS

(D) OS, PC, PA, BD, DS

**43.** सूची-I तथा सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| | ***सूची-I*** | | ***सूची-II*** |
|---|---|---|---|
| (a) | अप्राचलिक ANOVA | (i) | टकी का परीक्षण |
| (b) | कारकीय अभिकल्प | (ii) | t - परीक्षण |
| (c) | मध्यमान अंतर की मानक त्रुटि | (iii) | अंत:क्रिया परीक्षण |
| (d) | नामिक परिवर्त्य | (iv) | फ्रीडमैन परीक्षण |
| | | (v) | $X^2$ |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**44.** **Assertion (A)** : People having Thyroid gland problems suffer from poor health.

**Reason (R)** : People do not take Iodized salt.

*Code* :

(A) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(B) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(C) **(A)** is true but **(R)** is false

(D) **(A)** is false but **(R)** is true

**45.** Match List-I with List-II :

| | List-I (Hypothalamus) | | List-II (Functions) |
|---|---|---|---|
| (a) | Ventromedial hypothalamus | (i) | Over eating |
| (b) | Lateral hypothalamus | (ii) | Starvation |
| (c) | Lateral hypothalamic damage | (iii) | Starting of eating centre |
| (d) | Ventromedial hypothalamic damage | (iv) | Stopping of eating centre |

***Code :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

***Read the passage below and answer the questions (46-50) that follow based on your understanding of the passage :***

Of all the factors that influence behaviour and attitudes, society and culture are the most comprehensive. Most people rarely or never escape these influences. Cultural and social norms prescribe both the large and small conditions of our life. Cultural values and norms come to govern individual behaviour through the process known as Socialization. For most children in most cultures, the first agent of socialization is the family, which teaches the society's basic modes of behaviour. Institutions like schools are also early agents of socialization and train children in some of the basic skills required for survival in the society. Both the family and the school transmit some of the culture's dominant values and practices, whether these consist of monotheism or polytheism, competition or cooperation, monogamy or polygamy, achievement or traditionalism.

Without the process of socialization, societies would not endure in any consistent form. Socialization makes it likely that each new generation, though different in some ways, will still bear a strong resemblance to previous generations. It increases the probability that you will have more in common with your parents than with someone from another country. The anthropologist *Ralph Linton* was referring to socialization when he said , "The individual is only an incident in the life history of his society."

**44.** **कथन (A)** : जिन लोगों को थाईरोईड ग्रंथि की समस्या है उनका स्वास्थ्य प्राय: खराब होता है।

**कारण (R)** : लोग आयोडीनयुक्त नमक नहीं खाते।

*कूट :*

(A) **(A)** और **(R)** सत्य हैं और **(R)** सही व्याख्या है **(A)** की।

(B) **(A)** और **(R)** सत्य हैं परन्तु **(R)** सही व्याख्या नहीं है **(A)** की।

(C) **(A)** सत्य है परन्तु **(R)** असत्य है।

(D) **(A)** असत्य है परन्तु **(R)** सत्य है।

**45.** सूची-I और सूची-II को सुमेलित कीजिए :

| | ***सूची-I (हाइपोथैलमस)*** | | ***सूची-II (कार्य)*** |
|---|---|---|---|
| (a) | वेंट्रोमीडियल हाइपोथैलमस | (i) | अजीर्ण भोजन |
| (b) | लैटरल हाइपोथैलमस | (ii) | बुभुक्षित रहना |
| (c) | लैटरल हाइपोथैलमस की क्षति | (iii) | भूख केन्द्र का आरंभ |
| (d) | वेंट्रोमेडियल हाइपोथैलमस की क्षति | (iv) | भूख केन्द्र का रुकना |

***कूट :***

| | *(a)* | *(b)* | *(c)* | *(d)* |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

***निम्नांकित उद्धरण को पढ़िए तथा दिये गये प्रश्नों (46-50) का उत्तर अपनी समझ के आधार पर कीजिए।***

अभिवृत्तियों और व्यवहार को प्रभावित करने वाले सभी कारकों में समाज और संस्कृति सबसे ज्यादा व्यापक हैं। अधिकांश व्यक्ति इनके प्रभावों से बच नहीं पाते हैं। सांस्कृतिक और सामाजिक मानक हमारे जीवन की छोटी और बड़ी हर तरह की दशाओं को निर्धारित करते हैं। सांस्कृतिक मूल्य और मानक व्यक्ति के व्यवहार को समाजीकरण की प्रक्रिया द्वारा नियंत्रित करते हैं। अधिकांश संस्कृतियों में अधिकांश बच्चों हेतु समाजीकरण का पहला स्रोत परिवार है जो समाज के मूलभूत व्यवहार संरूपों को सिखाता है। विद्यालय जैसी संस्थाएँ भी समाजीकरण के आरंभिक स्रोत हैं और बच्चों को कुछ आधारभूत कौशलों में प्रशिक्षित करते हैं जो समाज में जीवित रहने हेतु आवश्यक हैं। परिवार और विद्यालय दोनों ही संस्कृति के प्रमुख मूल्यों तथा प्रथाओं को प्रदान करते हैं, चाहे एकेश्वरवाद हो या बहुदेववाद, सहयोग या प्रतियोगिता, एकविवाह या बहुविवाह, उपलब्धि या परंपरावादिता।

समाजीकरण की प्रक्रिया के बिना समाज कोई स्थिर रूप धारण नहीं कर सकते। समाजीकरण यह संभव बनाते हैं कि प्रत्येक नई पीढ़ी, कुछ अर्थों में भिन्न हो कर भी, पहले की पीढ़ियों के साथ प्रबल समानता रखती है। यह इस बात की संभावना बढ़ा देता है कि आप अपने माता-पिता के साथ अधिक समानता रखते हैं, अपेक्षाकृत किसी दूसरे व्यक्ति की तुलना में। *राल्फ लिंटन* नामक नृविज्ञानी तब समाजीकरण की ओर ही संकेत कर रहे थे जब उन्होंने कहा था ''व्यक्ति अपने समाज के इतिहास में मात्र एक घटना है।''

46. This passage shows that behaviour is influenced by :

(A) Geneology (B) Cultural-social norms

(C) Educational norms (D) Work environment

47. Which one of the following is the most important agent of socialization ?

(A) Family (B) School

(C) Community (D) Society

48. Which one of the following is not transmitted socio-culturally ?

(A) Competition or cooperation

(B) Monogamy or polygamy

(C) Achievement or traditionalism

(D) Dominant or recessive

49. Which one of the following is important for consistency in societies ?

(A) Globalization (B) Socialization

(C) Modernization (D) Urbanization

50. According to Ralph Linton the place of a person in the history of his society is :

(A) Less important (B) A non issue

(C) Most important (D) Dependent on society

- o O o -

**46.** उद्धरण यह प्रदर्शित करता है कि व्यवहार निम्नांकित द्वारा प्रभावित होता है :

(A) वंशावली
(B) सांस्कृतिक-सामाजिक मानक
(C) शैक्षिक मानक
(D) कार्य पर्यावरण

**47.** निम्नांकित में से कौन समाजीकरण का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है?

(A) परिवार
(B) विद्यालय
(C) समुदाय
(D) समाज

**48.** निम्नांकित में से कौन सामाजिक सांस्कृतिक ढंग से सचरित नहीं होता है?

(A) प्रतियोगिता या सहयोग
(B) एक विवाह या बहु विवाह
(C) उपलब्धि या परंपरावादिता
(D) प्रबल या अपगामी

**49.** समाजों में स्थिरता हेतु निम्नांकित में से कौन महत्वपूर्ण है?

(A) भूमंडलीकरण
(B) समाजीकरण
(C) आधुनिकीकरण
(D) नगरीकरण

**50.** राल्फ लिंटन के अनुसार एक व्यक्ति का उसके समाज में स्थान :

(A) कम महत्वपूर्ण होता है।
(B) अप्रासंगिक है।
(C) अत्यन्त महत्वपूर्ण है।
(D) समाज पर निर्भर है।

- o O o -

Space For Rough Work

Prepp Your Personal Exam Guide